उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून

UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

कार्यालय पता : सुद्धोवाला , पोस्ट ऑफिस - चंदनवाड़ी (प्रेमनगर) , चकराता रोड

देहरादून-248007, Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक :____/परीक्षा विभाग /युटीयु /2020

दिनांक : 07/09/2020

परीक्षा समिति के 23वीं बैठक का कार्यवृत्त

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा दिनॉक 07 सितम्बर, 2020 को परीक्षा के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे –

1. माननीय कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून
2. संकायाध्यक्ष, प्रौधोगिकी संकाय, जी0बी0पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर –(ऑनलाइन)
3. निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलाजी, टनकपुर । –(ऑनलाइन)
4. निदेशक,, एस0आई0एच0एम0 एण्ड सी0टी0 टिहरी। –(ऑनलाइन)
5. निदेशक,, बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट । –(ऑनलाइन)
6. निदेशक,, जी0बी0पी0आई0ई0टी0 घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल । –(ऑनलाइन)
7. निदेशक,, आम्रपाली इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, हल्द्वानी । –(ऑनलाइन)
8. निदेशक, शिवालिक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग, देहरादून ।
9. निदेशक, सिद्वार्था लॉ कालेज, देहरादून । –(ऑनलाइन)
10. डॉ0 आर0पी0एस0 गंगवार, परीक्षा नियंत्रक, उ०त०वि० देहरादून
11. सहायक कुलसचिव उ०त०वि०देहरादून

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व कुलपति महोदय–अध्यक्ष परीक्षा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों एवं आमंत्रितों का स्वागत किया गया। जिसके उपरांत बैठक प्रारम्भ की गयी।

1 परीक्षा समिति की 22वी बैठक के कार्यबृत की सम्पुष्टि।

2 बैठक में, विद्यापरिषद् के बिन्दु संख्या 9.03 के विनिश्चय के अन्तर्गत अन्तिम सेमेस्टर परीक्षा कराने हेतु गठित कमेटी, प्रो0 वी0एन0 मिश्रा निदेशक, बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट, प्रो0 अमित अग्रवाल, निदेशक, इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, टनकपुर एवं प्रो0 संदीप विजय, निदेशक, शिवालिक इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी द्वारा परीक्षा नियंत्रक को 06 अगस्त, 2020 को समिति की रिपोर्ट प्रेषित की गयी। इस समिति ने अद्यतन व्यवस्थाओं एव संसाधनों दृष्टिगत केवल ऑफलाईन मोड में ही परीक्षाएं सम्पन्न करवानें का प्रस्ताव रखा है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा यह प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए यह निर्णय लिया गया की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं ऑफलाईन मोड में ही दिनांक 19 सितम्बर, 2020 से प्रारम्भ की जायेंगी। इस प्रस्ताव पर प्रो0 अलकनन्दा अशोक द्वारा असहमति व्यक्त की गयी एवं उन्होनें ऑनलाईन मोड पर परीक्षाएं कराने की मांग की गयी। इस संदर्भ में चर्चा करते हुए सदस्यों द्वारा यह संस्तुति दी गयी की उपरोक्त परीक्षाएं ऑफलाईन मोड में ही करायी जाये।

3 विधि पाठ्यक्रम के सन्दर्भ में यह निर्णय लिया गया है कि अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के प्रत्येक विषय पर छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर सम्बन्धित महाविद्यालय में ऑनलाइन/ऑफलाइन जमा करनी होगी। प्रत्येक प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर बाहरी परीक्षक द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन मौखिक परीक्षा की जायेगी, जिसकी सम्यक, साफ रिर्कोडिंग महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करायी जायेगी। अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं की बैक परीक्षा, यदि कोई हो उसकी परीक्षा भी उपरोक्त प्रकार से सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा का यह कार्य 30 सितम्बर या उससे पूर्व सम्पन्न किया जायेगा।

07.09.20

(प्रो0 आर0पी0एस0 गंगवार)
परीक्षा नियंत्रक